





# स्मार्ट मीटर को लेकर धधका आक्रोश का लावा

## स्मार्ट मीटर लगाने जा रहे तीन कर्मचारियों को रोककर मारपीट करते हुए 16 मीटर तोड़े, प्रकरण दर्ज




**सीहोर.** दशहरा बाग में कर्मचारियों के साथ मारपीट करने वाले आरोपी राकेश ने सभी स्मार्ट मीटर जमीन पर फैंककर तोड़ दिए थे.

नवभारत न्यूज

**सीहोर. इन दिनों विद्युत वितरण कंपनी द्वारा घर-घर लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों को लेकर उपभोक्ताओं में आक्रोश का माहौल बना हुआ है. यह आक्रोश इतना बढ़ गया है कि अब त्रस्त लोग कर्मचारियों पर भी हमला करने से नहीं हिचक रहे. बुधवार को दशहरा मैदान के समीप स्मार्ट मीटर ले जा रहे तीन कर्मचारियों को तीन युवकों ने रोककर उनके साथ जमकर मारपीट की और सभी मीटरों को जमीन पर फैंककर तोड़ दिया. पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है.**

गौरतलब है कि इन दिनों मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने का काम किया जा रहा है. इसे लेकर उपभोक्ताओं में काफी नाराजगी देखी जा रही है. उनका कहना है कि स्मार्ट मीटर जब से लग रहे हैं. बिल की राशि में चार

- स्मार्ट मीटर लगाए जाने को लेकर नाराज हैं उपभोक्ता
- नए मीटर से बढ़ रही रीडिंग, अधिक राशि के आ रहे बिल

गुना बढ़ोत्तरी हो गई है. बिजली सप्लाई बंद होने के बाद भी मीटर की रीडिंग बढ़ती रहती है.

यही कारण है कि जिन क्षेत्रों में विद्युत वितरण कंपनी के अधिकृत ठेकेदार के कर्मचारी मीटर लगाने जा रहे हैं वहां उन्हें विरोध का सामना करना पड़ रहा है. इतना ही नहीं कई जगह तो झड़प की नौबत आ चुकी हैं और कर्मचारियों को बिना मीटर लगाए उल्टे पैर वापस लौटना पड़ा है.

विद्युत वितरण कंपनी को लेकर लोगों में नाराजगी का एक अन्य कारण यह भी है कि जब कर्मचारी उनके घर लगा मीटर खोलकर ले जाते हैं तो कुछ दिन बाद आकर बताते हैं कि मीटर में छेड़छाड़ की गई है. इसकी जांच की जाएगी और जुर्माना किया जाएगा. इससे भी लोगों में काफी नाराजगी का माहौल बना हुआ है. इसी बात पर बीते दिनों गंज क्षेत्र के उपभोक्ताओं और विद्युत कंपनी के कर्मचारियों में काफी विवाद हुआ था और नौबत थाने तक जाने की गई थी.

स्मार्ट मीटर से केवल शहरी ही नहीं ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता भी काफी परेशान हैं. मंगलवार को आसपास के कई गांवों से आए सैकड़ों ग्रामीणों ने जनसुनवाई में कलेक्टर को अपनी व्यथा से अवगत कराया था. स्मार्ट मीटर को लेकर बढ़ रहा आक्रोश दिनों दिन बढ़ता जा रहा है. किसी भी दिन स्मार्ट मीटर को लेकर की जा रही जर्बदस्ती से शहर में अप्रिय स्थिति निर्मित हो सकती है.

### आरोपियों ने रोककर की मारपीट, तोड़ डाले मीटर

बुधवार को स्मार्ट मीटर ठेकेदार के पास काम कर रहे विक्रम वर्मा आ. अनोखी लाल वर्मा अपने साथी अखिलेश वर्मा और रामू वर्मा के साथ दशहरा बाग स्थित विद्युत वितरण कंपनी के दफ्तर से मीटर लेकर दशहरा बाग की कालोनी में जा रहे थे तभी रास्ते में वहीं के रहने वाले राकेश आ. सरदारसिंह ने उन्हें रोका और गालियां देने के अलावा उनके साथ मारपीट कर दी. इस दौरान उसके दो साथी भी वहां आ गए थे और उन्होंने तीनों के साथ मारपीट की. इसके अलावा पत्थर मारकर विक्रम का सिर फोड़ दिया. इतने पर भी उनका मन नहीं भरा तो उन्होंने स्मार्ट मीटरों को जमीन पर फैंकते हुए पूरी तरह तोड़ दिए. वारदात के बाद तीनों बदमाश कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग निकले. विक्रम वर्मा का कहना है कि आरोपी शराब के नशे में थे. पुलिस ने विक्रम वर्मा की शिकायत पर आरोपी राकेश आ. सरदारसिंह और उसके दो अन्य साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है.

# न्यायालय परिसर में ही भिड़ गए दो गुट

- जावर थाने के एक प्रकरण में पेशी पर आए थे दोनों पक्ष
- दोनों पक्षों पर शांति भंग करने का प्रकरण दर्ज

नवभारत न्यूज

**आष्टा.** स्थानीय न्यायालय परिसर में बुधवार की शाम उस समय हड़कंप मच गया. जावर थाने के एक प्रकरण में पेशी पर आए फरियादी पक्ष और आरोपी पक्ष के बीच आपस में झगड़ा हो गया. मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई. इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है.

घटना की जानकारी मिलते ही



पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों को थाने तलब किया. पुलिस द्वारा प्रारंभिक जांच के बाद दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है. थाना प्रभारी के अनुसार दोषियों पर न्यायालय परिसर में शांति भंग करने एवं मारपीट करने जैसी गंभीर धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया जा रहा है. न्यायालय जैसी संवेदनशील जगह पर हुई मारपीट की इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं. फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है.

## ट्रेन से टकराकर युवक की दर्दनाक मौत

नवभारत न्यूज

**बुधनी.** बीती रात मिडिल लाईन में ट्रेन से टकराए युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई.

जानकारी अनुसार बुधनी स्टेशन मास्टर ब्रजेश कुमार ने बीती रात जीआरपी पुलिस को सूचना दी कि एक युवक ट्रेन से टकराकर घायल हो गया है जो पटरी पर पड़ा हुआ है. मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को कब्जे निकाला. युवक के आसपास बिखरे पड़े सामान में एक चेक बुक मिली जिसमें युवक की पहचान आदित्य गणेश कोराशे उम्र 25 से 30 वर्ष बताई जा रही है. युवक आदित्य गणेश निवासी नियर हनुमान मंदिर भीवापुर वार्ड चापू महाराष्ट्र का रहने वाला है. उसके पास कटी फटी हालत में टिकिट मिली जानकारी है जो चंद्रपुर ओर नागपुर की बताई गई है. घटना को लेकर युवक के परिजनों को सूचना दी गई है. जीआरपी पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

## विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**सीहोर.** ग्राम जहांगीरपुरा में 20 वर्षीय विवाहिता ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर जान दे दी. पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है. जानकारी अनुसार कोतवाली क्षेत्र के जहांगीरपुरा गांव निवासी राकेश लोधी की 20 वर्षीय पत्नी राखी लोधी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. उसे अस्पताल लाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है.

## एक नजर में




### पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त 6 शासकीय सेवकों को दी विदाई

**नवभारत सीहोर.** जिले में पुलिस विभाग से 6 शासकीय सेवकों के सेवानिवृत्त होने पर उन्हे सम्मानित किया जाकर विदाई दी गई. इस दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभा गृह में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने माला पहनाकर सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों को शाल, श्रीफल, उपहार, प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया, एवं प्रमाण पत्र दिए गए. सभी के अनुभवों को जाना एवं परिवार की जानकारी ली तथा सभी को शारीरिक एवं मानसिक रुप से स्वास्थ्य रहने हेतु शुभकामनाएं एवं बधाई दी. इस मौके पर एएसपी सुनीता रावत, रक्षित निरीक्षक उपेंद्र यादव, सूबेदार प्राची राजपूत सहित सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के परिजन तथा कार्यालयीन स्टाफ मौजूद थे. सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों में शंभू सिंह राजपूत, जयभान सिंह रघुवंशी, नारायण सिंह मीणा, रामनारायण धुर्वे, वीरेन्द्र सिंह यादव, मोहम्मद ईशाक खान सेवानिृवत्त हुए हैं.



### लोक निर्माण से लोक कल्याण के संकल्प से साथ रोपे पौधे

**रेहटी/सलकनपुर.** पौधारोपण महाअभियान के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा एक लाख पौधे लगाने के संकल्प के साथ बुधनी डिवीजन में एक जुलाई को लगभग 1200 फलदार एवं छायादार पौधे रोपे गए हैं. वहीं यह अभियान 1 जुलाई से प्रारंभ होकर 10 जुलाई तक चलेगा. जहां प्रदेश सरकार द्वारा लोक निर्माण विभाग द्वारा शासकीय रिक्त भूमि में पौधे लगाए जा रहे हैं. बुधनी डिवीजन में 1 जुलाई को लगभग 1200 पौधे रोपे गए. वहीं रेहटी क्षेत्र के मालीवायां, मट्ठागांव, रानीकुंडी, नीलकछार, बोरधी, इटारसी, सलकनपुर, नकटीतलाई मार्गों पर 200 से ज्यादा पौधे रोपे गए एवं लगाए गए पौधों की सुरक्षा के लिए बांस से बने ट्री गार्ड भी लगाए है. पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से लगाए जा रहे पौधों की निगरानी सेटेलाइट के माध्यम से की जाएगी. वहीं पौधों की सटीक स्थिति अक्षांश और देशांतर के साथ ऐप के माध्यम से अपलोड भी की जा रही है. इस अवसर आरएन शर्मा अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग, यंत्री शंकर लाल रोहिताश, कार्यपालन यंत्री आरपी गुप्ता, लोकमान्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने वृहद अभियान चलाकर पौधारोपण किया.




### डॉक्टर्स डे पर आक्सफोर्ड हाई स्कूल में कार्यक्रम

**नवभारत इछावर.** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर आक्सफोर्ड हाई स्कूल में डॉ शुभम शर्मा के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया. अध्यक्षता प्राचार्य संगीता मसीह ने की. इस दौरान डॉ. शुभम शर्मा ने कहा कि एक जुलाई को डॉ. बिधान चन्द्र राय की जयंती पर राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है. प्राचार्य संगीता मसीह ने शिक्षा और स्वास्थ्य की सम्बध्यता पर विचार व्यक्त किए. विनीत शर्मा ने कहा कि डॉक्टर सेवा भाव से समाज और राष्ट्र निर्माण बहूमूल्य योगदान देते हैं. बच्चों ने फैन्सी ड्रेस, स्पीच व सांस्कृतिक प्रस्तुति दी. अंत में पुरस्कार वितरण किए गए.

# एंबुलेंस में सवार होकर निकलते थे तार चोरी करने

- पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार, दो फरार
- आरोपियों के पास से लाखों रुपए का तार किया बरामद

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** किसी को उन पर शक न हो, इसलिए वह एंबुलेंस में सवार होकर बिजली के तारों की चोरी करने निकलते थे. पुलिस ने तार चोर गिरोह का भांडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को धर-दबोचा है, जबकि दो आरोपी फरार बताए जाते हैं. आरोपियों के पास से लाखों रुपए का तार व वाहन भी बरामद किया गया है.

इछावर थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिनों लसूड़िया कांगर और दुर्गपुरा के अलावा नरसिंह खेड़ा, ब्रिजिशनगर, बोरदी, बिजौरी व जमोनिया सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों से खंबरों पर लगे बिजली के तार चोरी होने के मामले सामने आए थे. इनमें पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश प्रारंभ कर दी थी. प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा लगातार हो रही बिजली तार चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपियों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे.

थाना प्रभारी पंकज वाडेकर द्वारा टीम गठित कर आरोपियों को पकड़ने के प्रयास शुरू किए गए. इस दौरान मुखबिर भी पाबंद किए गए थे. आखिरकार पुलिस की मेहनत रंग लाई. मंगलवार को




पुलिस ने आरोपियों की पहचान करते हुए उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना अपराध कबूल कर लिया.

पकड़े गए आरोपियों परवेज कुरैशी आ. कंछेदी कुरैशी उम्र 35 साल निवासी वार्ड नंबर 21 अयोध्या बस्ती हाल ऐशबाग भोपाल, सतीश ठाकुर आ. रतनलाल उम्र 50 साल निवासी टीबी अस्पताल क्वार्टर्स भोपाल और मोहम्मद सुल्तान पिता अब्दुल हमीद उम्र 22 साल निवासी न्यू कबाड़खाना भोपाल को गिरफ्तार करते हुए आरोपियों के पास से 11 क्विंटल बिजली के तार एवं एक टवेरा एंबुलेंस भी जब्त की गई है. इनके दो साथी फिलहाल फरार हैं.

### दिन में करते थे रैकी, रात को देते थे वारदात को अंजाम

थाना प्रभारी पंकज वाडेकर ने बताया कि आरोपी ग्रामीण क्षेत्रों में सूने खेतों के आसपास रैकी करते थे एवं रात के अंधेरे में बिजली तारों को काटकर एंबुलेंस में रखकर ले जाते थे. आरोपी एंबुलेंस से इसलिए जाते थे ताकि किसी को उन पर शक न हो. इतना ही नहीं पुलिस की नजरों से बचने के लिए भी वह एंबुलेंस का ही उपयोग करते थे. थाना प्रभारी वाडेकर ने बताया कि आरोपियों से और मामलों में पूछताछ जारी है.

# सरकारी कर्मचारी घोषित करने की मांग

नवभारत न्यूज

सीहोर. आगंनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका महासंघ द्वारा गीता मानस भवन में बुधवार को जिला स्तरीय बैठक का आयोजित की.

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन विधायक सुदेश राय को सौंपा. जिसमें उन्हें सरकारी कर्मचारी घोषित करने की मांग की गई. बैठक का शुभारंभ भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख अनिल शर्मा, जिला पदाधिकारी विनीत दुबे, अखिल भारतीय आगंनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका महासंघ की जिलाध्यक्ष ऊषा राठौर ने किया. बैठक में कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को विधायक सुदेश राय ने संबोधित किया.

विधायक राय ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं द्वारा दिन रात मेहनत कर सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को घर घर तक पहुंचाया जाता है. उनकी कर्मशीलता कर्तव्यपरायणता के कारण ही वह स्वयं ही उनसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का ज्ञापन लेने पहुंचे हैं. पहले भी बहनों की सभी मांगों को मु यमंत्री से चर्चाकर पूरा कराया है. इस बार भी बहनों की एक सूत्रीय मांग को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री को भी पत्र लिखेंगे.

महासंघ की जिलाध्यक्ष ऊषा राठौर ने कहा कि हम सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका शासन की योजनाओं के लिए पूरे तन मन से कार्य करते हैं और जितनी भी जनहितकारी योजना है उन्हें लोगों के घर-घर तक पहुंचाते हैं. हम चाहे निर्वाचन का कार्य हो या कोरोना हो या शासन की कोई भी हितकारी मूलक योजना हो उसकी सफलता के लिए हमारे द्वारा ही पूरा काम किया जाता है. हमारी बस प्रधानमंत्री से एक ही मांग कीहै कि हमें सरकारी कर्मचारी होने का दर्जा दिया जाकर हमें सरकारी कर्मचारी घोषित किया जाए.

## मां के हक को मिला प्रशासन का साथ

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** कलयुगी पुत्र ने अपने पिता की मृत्यु के बाद मां को घर से निकाल दिया. लेकिन प्रशासन ने पहल करते हुए बुजुर्ग महिला को न्याय दिलाया.

दीक्षित कॉलोनी निवासी बुजुर्ग श्रीमती सावित्री बाई विश्वकर्मा जिनका जीवन अपने पति की मृत्यु के बाद बिल्कुल अकेला हो गया था. उनका एकमात्र सहारा बेटा घनश्याम ही था. पर वक्त ने करवट बदली और वही बेटा एक दिन अपनी मां को उनके ही मकान से बाहर कर गया. घर में ताला लगाकर चाबी अपने पास रख ली और बुजुर्ग मां को दर-दर भटकने के लिए छोड़ दिया. न कोई आय का स्त्रोत, न कोई सहारा और बीमारी ने श्रीमती सावित्री बाई को कमजोर बना दिया था. वे अपने अधिकार और आत्मसम्मान की रक्षा के लिए एसडीएम कोर्ट पहुंची और एसडीएम तन्मय वर्मा से माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम के तहत न्याय दिलाने की गुहार लगाई. एसडीएम तन्मय वर्मा ने उनकी पीड़ा को सुना, समझा और मामला दर्ज किया गया. बेटे को नोटिस देकर कोर्ट में बुलवाया गया. अंततः मां को उनका हक वापस दिलाया गया. एसडीएम द्वारा बेटे से मकान की चाबी दिलवाई गई. बीस हजार रुपए की राशि दिलाई गई और जीवन यापन के लिए सिलाई मशीन उपलब्ध कराई. इसके साथ ही भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम के तहत बेटे को एक हजार रुपए प्रतिमाह मां को देने का आदेश दिया.

## शान्ति समिति की बैठक आज जिला पंचायत में

**सीहोर.** शान्ति समिति की बैठक गुरुवार को जिला पंचायत में सायं 4 बजे आयोजित की गई है. विभिन्न त्योहारों में 6 जुलाई को मुहर्रम, 9 अगस्त को रक्षाबंधन, 16 अगस्त को जन्माष्टमी, 27 अगस्त को गणेशोत्सव, 28 अगस्त से 6 सितम्बर तक पर्युषण महापर्व, 5 सितम्बर को मिलाद उन नवी, 6 सितम्बर को अनंत चतुर्दशी, 22 सितम्बर से नवरात्रि प्रारंभ, 2 अक्टूबर को विजयादशमी, 7 अक्टूबर को वाल्मीकि जयंती एवं विद्यासागर जयंती, 20 अक्टूबर को दीपावली, 5 नवम्बर को गुरू नानक जयंती और 25 दिसम्बर को क्रिसमस डे त्यौहारों के संबंध में गुरुवार को जिला पंचायत में बैठक आयोजित की गई है.

# बुलेरो में लगी भीषण आग, कूदकर बचाई जान

- अल सुबह इंदौर की ओर जा रही थी बुलेरो
- गुड़भेला के समीप अचानक लगी बुलेरो में आग

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** बुधवार की सुबह स्टेट हाईवे स्थित ग्राम गुड़भेला के समीप जा रही बुलेरो में अचानक आग लग गई. चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए वाहन को रोका और उसमें सवार लोगों ने बाहर कूदकर जान बचाई.

जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह इंदौर की ओर जा रही बुलेरो जब ग्राम गुड़भेला के समीप से गुजर रही थी तभी उसमें आग भड़क उठी. आग देखकर चालक ने वाहन रोका लेकिन तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर



लिया था. सवारियों ने कूदकर अपनी जान बचाई. ग्रामीणों ने इसकी सूचना तुरंत मंडी थाने को दी. थाना प्रभारी मायासिंह द्वारा आगजनी की खबर मिलते ही दमकलों को मौके पर भेजा गया. काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका. थाना प्रभारी ने बताया कि इंदौर की ओर जा रही बुलेरो उद्यानिकी विभाग में अटैच है. आगजनी का कारण फिलहाल अज्ञात है.

**निरीक्षण** — कलेक्टर ने बुधनी में सीएफएमटीटीआई व तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

# समय सीमा में करें राजस्व संबंधी प्रकरणों का निराकरण : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**बुधनी.** कलेक्टर बालागुरू के ने केंद्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान सीएफएमटीटीआई, बुधनी तहसील कार्यालय तथा ग्राम खटपुरा में धरती आबा अभियान शिविर का निरीक्षण किया.

केंद्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान के अवलोकन के दौरान उन्होंने संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है प्रशिक्षाणार्थियों से चर्चा की और उनके प्रशिक्षण के संबंध में विस्तार से जानकारी ली. इस प्रशिक्षण संस्थान में देश के 10 राज्यों से आए प्रशिक्षणार्थी



प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं.

कलेक्टर बालागुरू के को जानकारी दी गई कि बुधनी स्थित यह केंद्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने वाला देश का प्रमुख संस्थान है. जो भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अधीन कार्य कर रहा है. यह संस्थान न केवल किसानों और तकनीकी कर्मियों को कृषि यंत्रों के संचालन, रखरखाव एवं मर मत का प्रशिक्षण देता है, बल्कि देशभर में निर्मित कृषि यंत्रों एवं उपकरणों का वैज्ञानिक परीक्षण भी करता है. यहां ट्रैक्टर, रोटावेटर, थ्रेशर, बीज ड्रिल, पावर टिलर जैसे विभिन्न यंत्रों की गुणवत्ता, सुरक्षा और कार्यक्षमता की जांच की जाती है, जिससे यंत्र निर्माताओं को बीआईएस प्रमाणन प्राप्त करने में सहायता मिलती है. निरीक्षण के दौरान बुधनी एसडीएम डीएस तोमर, तहसीलदार सौरभ वर्मा, सीएफएमटीटीआई के निदेशक बीएम नांदेड़े सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे. इसके अलावा कलेक्टर बालागुरू के ने ग्राम खटपुरा मे धरती आबा अभियान के तहत आयोजित किए गए शिविर का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि शिविरों में सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं एवं सेवाओं से लाभान्वित किया जाए,

कलेक्टर बालागुरू के ने बुधनी तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आमजन के सभी राजस्व संबंधी मामलों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.


## आमसूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं जितेन्द्र पिता जगदीश आयु 37 साल जाति कलोता निवासी डाबरी, तहसील आष्टा जिला सीहोर म.प्र. का होकर निम्न आम सूचना के द्वारा यह घोषित करता हूं कि मेरी पुत्री का सही नाम ममता सुपुत्री जितेन्द्र माता का नाम लाजवंती जन्म दिनांक 01/01/2012 आधारकार्ड नं. 632997761727 है। मेरी पुत्री के आधार कार्ड में उसका नाम त्रुटिवश खुशी दर्ज हो गया है, जो गलत है। मेरी पुत्री का सही नाम ममता है जिसे मैं आधारकार्ड में सही करवाना चाहता हूं तथा खुशी के स्थान पर उसका सही नाम ममता अभिलिखित करवाना चाहता हूं। यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो मेरे पते पर सम्पर्क कर 7 दिवस में आपत्ति दर्ज करावें। समयाउपरांत रिकार्ड में अपडेशन हो जावेगा। इसके बाद कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जारीकर्ता
जितेन्द्र पिता जगदीश जाति कलोता
निवासी डाबरी तहसील आष्टा जिला सीहोर
म.प्र. मो.नं. 9343833965